कर दिया तुमने कमाल

माई अंजनी के लाल,
कर दिया तुमने कमाल,
संकट मोचन तुम बने सहारे,
संकट घड़ी में सबके काज संवारे,
कर दिया भक्तों को अपने निहाल,
कर दिया राजीव को अपने निहाल,
बालाजी कर दिया तुमने कमाल,
माई अंजनी के लाल....

सिया राम जी के तुम अति प्यारे,
द्वार राम जी के बने रखवारे,
छवि उनकी सीने रखी सम्भाल,
बजरंगी कर दिया तुमने कमाल,
माई अंजनी के लाल.....

भक्ति के खूब बहें रसधारे,
तुम्हारे भजन लगें सिया को प्यारे,
रामनाम का ओढ़ दुशाला,
बजाते तुम खड़ताल,
हनुमान जी कर दिया तुमने कमाल,
माई अंजनी के लाल.....

©राजीव त्यागी
नजफगढ़ नई दिल्ली

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29756/title/kar-diya-tumne-kamaal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |